महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरंभ करना

***17 श्री सुभाष सुधा, विधायक (थानेसर)**

क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10188 दिनांक 04.06.2015 के अनुसार थानेसर के गांव भिवानी खेड़ा में 10 एकड़ भूमि पर एक वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय खोलने की घोषणा हुई थी जिसके लिए लुवास विश्वविद्यालय द्वारा उक्त महाविद्यालय के निर्माण के लिए अनुमानित बजट तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त बजट तथा पदों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

जय प्रकाश दलाल, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

क) महोदय, उक्त मुख्यमंत्री घोषणा को क्रियान्वित करने हेतु पंचायत विभाग द्वारा दिनांक 20.12.2022 को भूमि सीमांकित की जा चुकी है। अधिकारियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तथा महाविद्यालय के निर्माण के लिए अनुमानित बजट का प्रस्ताव लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार से उनके पत्र क्रमश: दिनांक 30.10.2023 और 07.11.2023 के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

ख) बजट तथा पदों की स्वीकृति मार्च, 2024 तक मिलने की संभावना है। इसके बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।